पुUना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

CLASS III **P. A-1 ASSIGNMENT 2022-23** **SUB – HINDI**

(पठन विभाग)

प्रश्न-१ निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्न के उत्तर लिखिए ।

अ) मैं क्या करता हूं। मैं हाथों से काम करता हूं। मैं पांवों से चलता हूं। मैं आंखों से देखता । मैं कानों से सुनता हूं। मैं दांतों से चबाता हूं। मैं नाक से सूंघता हूं। मैं जीभ से चखता हूं। मेरी आंखें कान, हाथ, पांव दो-दो हैं। मुंह, नाक, जीभ एक-एक है। मेरे दांत बहुत से है।

प्र_१ आप जीभ से क्या करते हैं ?

उ_१ ______________________________

प्र_२ मैं नाक से क्या करता हूँ ?

उ_२ ______________________________

प्र_३ वह किन से देखता हूँ?

उ_३ ______________________________

प्र_४ आपकी आँखे कितनी है ?

उ_४ ______________________________

प्र_५ दांतों से आप क्या करते है ?

उ_५ ______________________________

ब) स्वतंत्रता दिवस का त्यौहार हमें नए उत्साह से भर देता है यहां हर वर्ष 15 अगस्त को मनाया जाता है इस दिन पूरे देश में खुशी छाई रहती है लोकसभाए करते हैं और देश का झंडा फहराते हैं इस अवसर पर राष्ट्रगान गाया जाता है राजधानी दिल्ली में मुख्य समारोह होता है प्रधानमंत्री लाल किले पर आते हैं सुबह से ही लोग लाल किले के सामने जमा होने लगते हैं तीनों सेनाओं और पुलिस के जवान, स्कूली बच्चे, एनसीसी के कैंडिडेट सुबह से ही आ जुटते हैं। प्रधानमंत्री मंच पर पहुंचकर तिरंगा फहराते हैं। फिर सब एक साथ मिलकर राष्ट्रगान गाते हैं इसके बाद प्रधानमंत्री देश के नाम अपना संदेश देते हैं पूरे देश के लोग बड़े ध्यान से उनका संदेश सुनते हैं।

प्र_१ स्वतंत्र दिवस का त्यौहार लोग किस तरह से मनाते हैं ?

उ_१______________________________

प्र_२ स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह कहां होता है ?

उ_२ ____

प्र_३ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले पर झंडा कौन फहराते है ?

उ_३ ____

प्र_४ लाल किले पर इस दिन कौन-कौन से लोग आते हैं ?

उ_४ ____

प्र_५ प्रधानमंत्री किन के नाम अपना संदेश देते हैं ?

उ_५ ____

(व्याकरण-विभाग)

प्रश्न-१ विलोम शब्द लिखिए ।

१. ऊपर - नीचे	३. पतला - मोटा	५. सुख - दुख
२. दाये - बाये	४. छोटा - बड़ा	६. अंदर - बाहर

प्रश्न-२ लिंग परिवर्तन करिए ।

१. माता - पिता	३. राजा - रानी	५. नाग - नागिन
२. पुत्र - पुत्री	४. नर - नारी	६. लड़की - लड़का

प्र-१ स्वर कितने होते हैं?

उ-१ स्वर ११ होते है |

(साहित्य विभाग)

प्रश्न-१ निम्नलिखित वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्र-१ हाथी ने किसको प्रणाम किया?

(अ) शेर को **(ब) मक्खी को** (क) लोमड़ी को

प्र-२ जंगल में कौन आराम कर रहा था ?

(अ)लोमड़ी **(ब) शेर** (क) हाथी

प्र-३ जाला किसने बनाया था ?

(अ) **मकड़ी ने** (ब) मक्खी ने (क) लोमड़ी ने

प्र-४ कक्कू दिन भर क्या करता रहता है ?

(अ) रोता है (ब) सोता है (क) खाता है

प्र-५ मक्खी को देखकर लोमड़ी ने क्या किया?

(अ) दौड़ने लगी **(ब) मुस्कुराने लगी** (क) चिल्लाने लगी

प्रश्न-२ लघु प्रश्न उत्तर लिखिए ।

प्र-१ कोयल की बोली कैसी होती है?

उ-१ कोयल की बोली मीठी होती है|

प्र-२ कक्कू का अर्थ क्या है?

उ-२ कक्कू का अर्थ कोयल है|

प्र-३ मक्खी ने किसे और किस प्रकार ललकारा?

उ-३ मक्खी ने शेर और हाथी को गुस्से से ललकारा |

प्र-४ कक्कू और कोयल के स्वभाव में क्या क्या अंतर है?

उ-४ कक्कू स्वभाव से झगड़ालू है और कोयल स्वभाव से शांत है |

प्र-५ शेर को गुस्सा क्यों आया?

उ-५ शेर को गुस्सा आया क्योंकि मक्खी शेर के कान के पास भिन - भिन कर रही थी |

प्रश्न-३ सही जोड़े मिलाओ।

१.	राजा	वन
२.	जंगल	नृप
३.	गुस्सा	अंहकार
४.	नाक	क्रोध
५.	घमंड	नासिका

(लेखन विभाग)

पत्र लेखन :नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई-पत्र लिखिए ।

36 बी करोल बाग,
नई दिल्लीं.

13 जनवरी , 20
प्रिय राजन,
सस्नेह नमस्ते,
आज सुबह अखबार पढ़कर बड़ी खुशी हुई ।राज्य स्तर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में तुम्हारे प्रथम आने की सूचना पढ़ते ही मुझे अत्यधिक प्रसन्नता हुई।

तुम्हारी मेहनत और लगन को देखकर मुझे पहले से विश्वास था कि नृत्य मैं तुम्हे कोई टक्कर नहीं दे सकता हैं ।इस महान उपलब्धि के पीछे गुरुजी का योगदान सर्वोपरि है ।

आशा करता हूँ कि आगे भी तुम जीवन के हर क्षेत्र मे इसी प्रकार सफल होते जाओगे ।

तुम्हारा मित्र
विमल

तोते पर निबंध लिखिए।

- मेरा प्रिय पक्षी तोता हैं।
- तोता एक बहुत सुंदर पक्षी हैं।
- इसके पंख हरे रंग के होते हैं |
- इसकी लाल रंग की चोंच होती है |
- इसकी चोंच मुड़ी हुई होती है |
- तोते की गर्दन पर काले रंग के वृत्त होते हैं।
- तोता लाल मिर्च खाना पसंद करता हैं |
- तोता मनुष्य की तरह बोल सकता हैं |
- तोता एक शाकाहारी पक्षी हैं |
- तोता गॉव , शहर , जंगल और खेतों मे पाया जाता हैं |